0/0-226

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन

Employees Provident Fund Organisation

(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)

(MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT, GOVERNMENT OF INDIA)

मुख्य कार्यालय/Head Office

प्लेट ए, ग्राउंडफ्लोर, ब्लॉक-II, ईस्ट किदवई नगर,नई दिल्ली-110023

Plate A, Ground Floor, Block II, East Kidwai Nagar, New Delhi-110023

Website: www.epfindia.gov.in, www.epfindia.nic.in

सं. ए-12011/13/2024-कभनिसं-मुख्या/क्षे.आ/770 दिनांक: 13.01.2026

सेवा में,

सभी अ.के.आ.(मुख्या)/ अ.के.आ.(अंचल)

क्षे.भ.नि.आ.-I/ क्षेत्रीय कार्यालय के प्रभारी अधिकारी

विषय: कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में लेवल-5 (29,200-92,300 रुपए) वेतन मैट्रिक्स में 2800 रुपए ग्रेड पे के साथ सामाजिक सुरक्षा सहायक (सीधी भर्ती) के पद पर नियुक्ति - तीसरी प्रतीक्षा सूची से चुने गए उम्मीदवारों की नियुक्ति से पहले की औपचारिकताएं पूरी करने के संबंध में।

संदर्भ:

1. दिनांक 03.01.2025 का कार्यालय आदेश सं. भर्ती/परीक्षा.12(1)2025/एसएसए/388
2. दिनांक 09.01.2026 का कार्यालय आदेश सं. ए-12011/13/2024-कभनिसं-मुख्या/क्षे.आ/767
3. दिनांक 13.01.2026 का कार्यालय आदेश सं. ए-12011/13/2024- कभनिसं-मुख्या/क्षे.आ/769

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय पर मुख्यालय के दिनांक 13.01.2026 के आदेश सं ए-12011/13/2024- कभनिसं-मुख्या/क्षे.आ/769 की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है, जिसके तहत तीसरी प्रतीक्षा सूची से एसएसए के पद के लिए चुने गए उम्मीदवारों को नियुक्ति से पहले की औपचारिकताओं से संबंधित दिशानिर्देश दिए गए हैं।

2. उम्मीदवारों की अंचल-वार सूची और उनके तैनाती राज्य के अनुसार डॉसियर की सॉफ्ट कॉपी अलग से ईमेल द्वारा संबंधित आंचलिक कार्यालय को भेज दी गई है।

3. आंचलिक कार्यालयों से अनुरोध है कि वे चयनित उम्मीदवारों को उनके क्षेत्राधिकार के अधीन क्षेत्रीय कार्यालय आवंटित करने के लिए दिनांक 03.01.2025 के आदेश संख्या भर्ती/परीक्षा.12(1)2025/एसएसए/388 के अंतर्गत जारी अनुदेशों का पालन करें। संपर्क करने के लिए चयनित उम्मीदवारों की ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर भी संबंधित अंचल को अलग से ईमेल के ज़रिए भेजे गए हैं।

4. आंचलिक कार्यालयों से अनुरोध है कि वे क्रमांक 3 पर संदर्भित पत्र में उल्लिखित चरणों के आधार पर नियुक्ति से पहले की औपचारिकताएं पूरी करें।

5. तीसरी प्रतीक्षा सूची के माध्यम से चयनित उम्मीदवारों की पूर्व नियुक्ति औपचारिकताएं जल्द से जल्द पूरी की जाएं। उम्मीदवारों को 24.01.2026 को आयोजित होने वाले अगले रोजगार मेले (जिसका जानकारी समय पर दी जाएगी) में अनंतिम नियुक्ति पत्र सौंप दिए जाएंगे ।

(सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी)

भवदीय,

परमपाल

(पीपीएस मैंगी)

क्षेत्रीय भ.नि. आयुक्त-I, भर्ती प्रभाग